तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार, 15 जून 2024

11 युवती के शव को कब्र से खोदकर बाड़ी में गाड़ा...



12 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के रिक्त पदों...






# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972-12782 **(1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

**पाठ्यक्रम का नाम**
1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. कोर्स व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमेन

Advt.


## बृजमोहन की लोस जीत पर आभार रैली आज

**अभनपुर।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल का विजय आभार रैली कार्यक्रम 15 जून को नगर बस स्टैण्ड से बस्ती अभनपुर तक आयोजित किया गया। रैली मे पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू,वरिष्ठ नेता अशोक बजाज,विधायक इन्द्रकुमार साहू विशेष तौर पर उपस्थित रहेगे।


RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI CHHATTISGARH R1
Department of BIOTECHNOLOGY
Under Graduate Programme
• BSc (Biotech with Botany)
• BSc (Biotech with Zoology)
Post Graduate Programme
• MSc (Biotech)
OUR MAJOR RECRUITERS :- LUPIN, Alembic, SUN PHARMA
Deepak Advts.
90161 13333


**बैठक : कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश**

# राजापड़ाव, शोभा क्षेत्र की समस्याओं व मांगों का किया जाएगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले के दूरस्थ वनांचल इलाका राजापड़ाव एवं शोभा क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों का समाधान करने के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये है। कलेक्टर ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर राजापड़ाव, शोभा क्षेत्र के ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर गहन चर्चा की। उन्होंने विभागवार एवं गांववार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सड़क, बिजली, पानी, आवास, संचार एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सुविधाओं की विशेष कार्य योजना बनाकर समयबद्ध तरीके से उन्हें पूरा करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने सुविधाओं को पूर्ण करने के लिए किये जाने वाले कार्यवाहियों की नियमित रूप से प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने दूरस्थ क्षेत्रों के गांवों में आंगनबाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, एम्बुलेंस, सड़क, नलजल कनेक्शन आदि मूलभूत सुविधाओं की वर्तमान उपलब्धता एवं ग्रामीणों द्वारा मांग किये गए सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही नदी-नालों पर पुल पुलियों की आवश्यकताओं पर भी चर्चा कर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक श्री वरूण जैन, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम मैनपुर सहित पीडब्ल्यूडी, पीएचई, आरईएस, पीएमजीएसवाय एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



### प्राप्त स्वीकृतियों पर तेजी से टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करें

कलेक्टर ने वनांचल गांवों में नदी-नालों पर पुल पुलियों की आवश्यकताओं पर विशेष चर्चा करते हुए आवागमन के सुलभ साधन प्रदान करने पुल-पुलियों की मांग प्रस्ताव शासन को भेजने तथा प्राप्त स्वीकृतियों पर तेजी से टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार दूरस्थ क्षेत्रों को बारहमासी आवागमन की सुविधा से जोड़ने आवश्यकतानुसार सड़क निर्माण के लिए भी कार्य योजना बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश निर्माण विभागों के अधिकारियों को दिये।

### प्राप्त आवेदनों की समीक्षा

कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में राजपड़ाव व शोभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव कोयबा, साहेबिनकछार, गोना, कोकड़ी, भूतबेड़ा, अड़गड़ी, कुचेंगा, गरहाडीह, गौरगांव, शोभा, तौरेंगा, आमड़, जागंड़ा, कोदोमाली, नागेश एवं इंदागांव जैसे दूरस्थ गांवों में सुविधाओं के मांग के लिए प्राप्त आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आवश्यकतानुसार 102 महतारी एम्बुलेंस, स्वास्थ्यकर्मी एवं स्वास्थ्य संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। इसी प्रकार जल जीवन मिशन अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों के घरों में भी नलजल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिये। साथ ही आवश्यकतानुसार गांवों में हेण्डपंपों की भी सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिये।

# 160 पेंगोलिन बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



■ आरोपियों से बाइक और मोबाइल जब्त

एंटी पोचिंग टीम ने पेंगोलिन तस्करी में लिप्त उड़ीसा के दो आरोपी को 160 नग पेंगोलीन शल्क के साथ गिरफ्तार किया है। 9 जून को एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व, डीआर आई , उत्तर एवं दक्षिण कालाहांडी वनमंडल (उड़ीसा) के साथ संयुक्त टीम गठित कर उड़ीसा राज्य के ग्राम तेंतुलीखूंटी निवासी भास्कर माझी उम्र 22 वर्ष, उड़ीसा निवासी लक्ष्मण माझी उम्र 35 वर्ष को घेरा बंदी कर 160 नग पेंगोलिन शल्क मोटर सायकल 1 नग, 2 नग मोबाईल के साथ धुलूघाटी के पास पकड़ा गया। छत्तीसगढ़ व उड़ीसा के संयुक्त टीम द्वारा दोनों आरोपियों को पकड़कर विस्तृत पूछताछ के लिए वन परिक्षेत्र जयपटना (उड़ीसा) लाया गया। न्यायालयीन कार्रवाई के लिए वन परिक्षेत्र जयपटना उड़ीसा के सुपूर्द कर पंचनामा लिया गया। प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों एवं वन्यप्राणी अवयवो की तलाश जारी है।


शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98264-96073



हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

CVRU विद्या पर देवता DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY www.cvru.ac.in | E-mail:info@cvru.ac.in

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
Campus : NEAR GATORA RAILWAY STATION, BILASPUR (C.G.)
City Office : NEAR TORWA CHOWK, DAYALBAND ROAD, BILASPUR (C.G)

CREDAI है तो भरोसा है
Confederation of Real Estate Developers Association of India
BILASPUR

CCN

Reliance Krishna Fuels

सत्या आटो प्रा.लि.
पुराना बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर

त्रिपुर बजाज
तिफरा रेल्वे ओव्हर ब्रिज के पास, रायपुर रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

Sudha Bio Power Pvt. Ltd.
Gram- Mohatarai
Ratanpur Road, Bilaspur C.G.

NICETEC COMPUTER EDUCATION Since 1992
We Value Your Career
HEAD OFFICE
150+ Network Partner in Central India
Reg. Office : Bilaspur, Ph. 9300966633

MAHARISHI UNIVERSITY OF MANAGEMENT AND TECHNOLOGY
Maharishi Road, Mangla, Bilaspur (C.G.) 495001

JD AUTONATION
NH 130, Beside Rama Valley, Parsada, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)

JD TOYOTA
NH 130, Bilaspur-Raipur Main Road, Near Reliance Petrol Pump, Village Parsada, Bilaspur (C.G.)

St. XAVIER'S HIGH SCHOOL
(A Unit of the st. Xavier's Chain of School)
✣ BILASPUR ✣ SIRGITTI ✣ BHARNI ✣ SARKANDA ✣ USLAPUR ✣ MUNGELI ✣ KOTA ✣ AKALTARA

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Near High Court, Raipur Road Bilaspur (C.G.)

TAKSHILA INSTITUTE
Estd. 1998
A Victory Path for IIT-JEE / NEET & AIIMS / FOUNDATION
(Unit of Takshila Academy (P) Ltd.)

CAREER POINT WORLD SCHOOL BILASPUR
Learners Today, Leaders Tomorrow
HSM GLOBAL PUBLIC SCHOOL HSM GPS BILASPUR

CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR

Brilliant Public School
Igniting Wisdom

MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED
An ISO 50001:2018 Certified Company
MARUTI

मार्क हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
डायलिसिस/ लेप्रोस्कोपी/ लिथोट्रिप्सी सेंटर
गीता पैलेस के पास, कपिल नगर, सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें : 9109969722, 9039028850

श्री गोविन्द इंस्टीट्यूट ऑफ
LIFE CARE लाइफ केयर हॉस्पिटल
आपका भरोसा, हमारी जिम्मेदारी
गुरुनानक चौक, तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-408601/2/3, 8349052250

विनायक नेत्रालय
फेको, एन्जीयोग्राफी एवं लेजर सेंटर
डॉ. ललित माखीजा एम.एस.,आई.सी.एल.पी. (हैदराबाद) फेको सर्जन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रसेन चौक के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

SHRI श्री शिशु भवन
HEALTH CARE WITH HUMAN TOUCH
HOSPITAL FOR CHILDREN & NEW BORN
(ADVANCED NEONATAL & PAEDIATRIC CARE)
ईदगाह रोड, मध्यनगरी चौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)

Maosaji™ वेज रेस्टोरेन्ट
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर

SRISHTI INFRABUILD PVT. LTD.
CREATING LIVES FOR FUTURE
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY
2ND FLOOR, KRISHNA SANCHHATRA COMPOUND, SHIV TALKIES SQUARE, BESIDE JALARAM FOOD JUNCTION BILASPUR (C.G.)

BIRLA OPEN MINDS INTERNATIONAL SCHOOL BILASPUR
MOPKA-KONI BYPASS, MOPKA, BILASPUR

25 Years of Glory and Success in Chhattisgarh
ARENA ANIMATION
Shaheed Chowk, Link Road Bilaspur Call 88188 00 890

Anaya Resort
Kargi Road, Kota, (C.G.), India

TANISHQ A TATA PRODUCT

AADHARSHILA BUILDERS PVT LTD
KANHA MEADOWS RETREAT
The Country Club A GARDEN RESTAURANT & MARRIAGE RESORT
COFFEE SHOP Koffee with काका
Corporate Office : Opp. Chhattisgarh Bhawan, Tilak Nagar, Bilaspur(CG) 495001

AADHARSHILA VIDYA MANDIR AM ज्ञानं सर्वार्थ साधकम् BILASPUR

BALAJI ADVERTISER Choose the Right Door for your Advertisment
BALAJI.NEWS News you can trust
Add : Shop No. F-4, M Galleria, Vyapar Vihar, Bilaspur (C.G.), Mo. 98274-66133
E-mail : balajiadvertisersbsp@gmail.com, jeet2bsp@gmail.com

SAINIK MINING AND ALLIED SERVICES LTD.
OLD V.T. CENTRE, P.O. SECL GEVRA PROJECT, DIST.- KORBA (C.G.)

www.haribhoomi.com

# सांसदों से जामवाल ने कहा- क्षेत्र की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाने पर करें फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने गुरुवार को सभी सांसदों से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में वन टू वन जहां लोकसभा चुनाव का पूरा फीडबैक लिया, वहीं सभी से अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सक्रिय रहने के लिए भी कहा। अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाने पर फोकस करने के लिए कहा है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस बार दस सीटें जीती हैं। एक ही केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बाद अब प्रदेश संगठन भी सक्रिय हो गया है। पहली बार क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सभी सांसदों को ठाकरे परिसर बुलाया। ठाकरे परिसर में सुबह से लेकर दोपहर तक एक-एक सांसद से अलग-अलग बात करके उनकी बात सुनी और चुनाव को लेकर फीडबैक भी लिया। इस बैठक में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग के विजय बघेल, राजनांदगांव के संतोष पांडेय, कांकेर के भोजराज नाग, बस्तर के महेश कश्यप, महासमुंद की रूप कुमारी चौधरी, सरगुजा के चिंतामणि महाराज, रायगढ़ के राधेश्याम राठिया और जांजगीर चांपा की श्रीमती कमलेश जांगड़े शामिल हुई। केंद्रीय मंत्री बनाए गए बिलासपुर के सांसद तोखन साहू दिल्ली में होने के कारण बैठक में नहीं आए। बैठक के बाद ज्यादातार सांसदों ने यही कहा, औपचारिक मुलाकात थी। राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय ने बताया, लोकसभा चुनाव का फीडबैक लिया गया है। अधिक से अधिक अपने क्षेत्र की जनता के संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के भी निर्देश गए हैं। अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से सदन में उठाने को कहा गया है।

■ एक-एक सांसद से वन टू वन लोकसभा चुनाव का पूरा फीडबैक लिया



## खबर संक्षेप

### प्रदेश के कर्मचारियों को एक समान महंगाई भत्ता दें : मिश्रा

**राजिम।** शिक्षक रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में अलग-अलग कर्मचारियों को अलग-अलग प्रकार के महंगाई भत्ता दिया जा रहा है जो कि उचित नहीं है। राज्य में कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को 50% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है छत्तीसगढ़ बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को भी 50% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है लेकिन राज्य सरकार के अन्य कर्मचारियों तथा पेंशनरों को 46% दिया जा रहा है आखिर महंगाई भत्ता देने में भी भेदभाव क्यों? महंगाई की मार तो सभी पर बराबर पड़ती है इसलिए सभी को एक समान महंगाई भत्ता दिया जाना चाहिए।



### आयुष्मान कार्ड का उपयोग किस बीमारी में होगा शासन स्पष्ट करें

**फिंगेश्वर।** आयुष्मान कार्ड का जरूरतमंदों के लिए आवश्यकता के समय कारगर उपयोगिता के प्रावधानों पर प्रश्न उठाते हुए फिंगेश्वर के पूर्व सरपंच तथा वरिष्ठ नागरिक बिसाहा हरित ने कहा है कि शासन एवं संबंधित विभाग द्वारा जिस तत्परता और मुहिम चला कर आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है उसका संबंधित व्यक्तियों को शासन की ओर से यह स्पष्ट जानकारी भी दिया जावे कि इस आयुष्मान कार्ड का उपयोग किस अस्पताल अथवा किस बीमारी एवं किस मेडिकल स्टोर्स में होगा। क्योंकि मुसीबत के समय जरूरतमंद व्यक्ति को कार्ड लेकर वहां वहां भटकना पड़ता है और 5 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज तो दूर 5 हजार के लिए अपना नगद इतजाम करना होता है तभी सामान्य गरीब वर्ग के लोगों का इलाज संभव होता है। इलाज का स्थान सरकारी हो या अशासकीय लिखे गए दवाइयां मेडिकल स्टोर्स में नगद भुगतान कर खरीदने पश्चात ही इलाज संभव हो पाता है।



### रोमांचक मैच में टीम ब्रह्मा बॉयज ने जीता मैच

**रायपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन कायस्थ प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में मंगलवार को ब्रह्मा बॉयज एवं राजनांदगांव नाइट राइडर के बीच जबरदस्त मैच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव की टीम ने युवराज के शतक 104 रन के साथ 147 रन बनाए, जिसकी चुनौती स्वीकार करते हुए ब्रह्मा बॉयज की टीम ने विश्वांशु श्रीवास्तव के शतक के साथ विजय का टारगेट पूरा कर तीन विकेट से मैच जीत लिया।

## निधन

### यशोदादेवी वैष्णव



**मैनपुर।** नगर के ठाकुरदेव पारा निवासी यशोदादेवी वैष्णव उम्र 70 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में नगर व क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

## वन अफसरों के साथ मिलकर डीआरआई ने ओडिशा में ज्वाइंट ऑपरेशन किया

# वन अपराध रोकने अंतर्राज्यीय तस्करों पर कार्रवाई में पहली बार डीआरआई शामिल

**तेंदुआ खाल होने की सूचना पर वन अफसरों ने डीआरआई की मदद ली**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन अपराध रोकने तथा इंटर स्टेट वन अपराधियों पर अंकुश लगाने उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन अफसर केंद्रीय एजेंसी डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटिलिजेंस (डीआरआई) की भी मदद ले रहे हैं। एक मामले में ओडिशा के वन अपराधियों के पास पैंगोलिन खाल होने की सूचना मिलने पर छापे की कार्रवाई की। छापे की कार्रवाई में कोई विशेष सफलता तो हाथ नहीं लगी, लेकिन छापे की कार्रवाई में दो लोगों के कब्जे से 160 नग पैंगोलिन खाल जब्त की गई। हालांकि डीआरआई ने किसी तरह से प्रकरण दर्ज करने के बजाय मामला वन अफसरों को ट्रांसफर कर दिया।

उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक उत्तरी तथा दक्षिणी कालाहांडी में शेड्यूल-1 प्रजाति के वन्यजीव पैंगोलिन तथा तेंदुआ खाल होने की सूचना मिलने पर छापे की कार्रवाई की गई। छापे की कार्रवाई में डीआरआई की टीम के साथ ओडिशा वन अफसरों की टीम को शामिल किया गया। छापे की कार्रवाई में दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पैंगोलिन खाल की जब्ती की गई। अफसर के अनुसार तेंदुआ खाल के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इसके लिए छापे की कार्रवाई लगातार जारी है।

### इसलिए डीआरआई को किया शामिल

वन अफसर के अनुसार ओडिशा के तस्कर उदंती-सीतानदी में वन अपराध की घटना को अंजाम देने के बाद ओडिशा चले जाते हैं। इसके कारण वन अपराधियों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया पूरी करने में समय लगता था। इस बात को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई में केंद्रीय एजेंसी को शामिल किया गया है। हालांकि वन अफसरों ने ओडिशा में छापे की कई बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल में कब्जा करने वालों के साथ वन्यजीवों का शिकार करने वाले अपराधियों पर नकेल कसते हुए उनकी गिरफ्तारी की है।



### कार्रवाई में पहली बार केंद्रीय एजेंसी शामिल

गौरतलब है कि वन अफसरों ने वन्यजीव अपराध में छापे की कार्रवाई में किसी केंद्रीय एजेंसी को शामिल किया है। केंद्रीय एजेंसी के शामिल होने से दूसरे राज्य में जाकर रेड कार्रवाई करने में आसानी होती है, इसी वजह से केंद्रीय एजेंसी को छापे की कार्रवाई में शामिल करने की बात जानकार कह रहे हैं। डीआरआई तथा वन अफसरों की टीम ने छापे की कार्रवाई ओडिशा के उत्तरी तथा दक्षिणी कालाहांडी में की है।

### डीआरआई की मदद से कार्रवाई की गई

वन अपराधियों के पास तेंदुआ तथा पैंगोलिन की खाल होने की सूचना पर ओडिशा वन अफसरों के साथ डीआरआई की मदद से छापे की कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 160 नग पैंगोलिन खाल जब्त करने के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आने वाले दिनों में इंटर स्टेट तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने डीआरआई की मदद ली जाएगी।

**- वरुण जैन,** डिप्टी डायरेक्टर, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व

# युवक की मौत को लेकर ग्रामीणो में आक्रोश एसएसपी ने टीआई को किया लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

पारागांव के महानदी में चैनमाऊंटेन मशीन की घटना में 25 वर्षीय युवक राजेश यादव ग्राम घोंट की मौत हो जाने के बाद रायपुर एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने नवापारा टीआई अवध राम साहू को कर्तव्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से रक्षित केंद्र रायपुर में अटैच कर दिया है। इधर नवापारा थाने में 6 आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 304ए, 379, 34 और खान एवं खनिज विकास का विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 4 और 21 (1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक 6 मे से तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है। जबकि तीन फरार आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा सरगर्मी से की जा रही है। उनके ठिकानो पर पुलिस दबिश दे रही है। इस गंभीर घटना को लेकर पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने आक्रामक लहजे में जिम्मेदारो के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग एक पत्रकारवार्ता में एक दिन पहले ही किया है। वहीं नवापारा के भाजपा नेता किशोर देवांगन युवक की मौत को लेकर काफी बिफरे हुए है। देवांगन पिछले दो दिनों से इस मामले को लेकर कलेक्टर, एसपी से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने को लेकर सक्रिय रहा। देवांगन ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर नवापारा पुलिस इस मामले को बेहद हल्के ढंग से ले रही थी, लेकिन मृतक के परिजनों से पूरी जानकारी मिलने के बाद उन्होंने उच्च अधिकारियों से चर्चा कर मामले की निष्पक्ष जांच हेतु दबाव बनाया। इसके अलावा गुरुवार को दिन भर किशोर ने रायपुर में रहकर उच्च अधिकारियों से लगातार प्रत्यक्ष संवाद किया। अंततः किशोर का प्रयास सफल रहा और पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध न केवल अपराध दर्ज करना पड़ा बल्कि अब उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है। इधर इस मामले में नवापारा थाना के टीआई अवध राम साहू को उनकी अकर्मण्यता के चलते एसएसपी संतोष सिंह द्वारा गुरुवार देर रात लाइन अटैच कर दिया गया है।





■ कांग्रेस के धनेंद्र व भाजपा के किशोर ने की थी कड़ी कार्रवाई करने मांग

## शिवमहापुराण कथा के लिए भूमिपूजन

**राजिम। नवापारा।** आरंग मार्ग पर ग्राम पोड़ में 12 से 16 अगस्त तक शिवमहापुराण कथा पंडित प्रदीप मिश्रा का होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर ऋषि सेन, पोखरा के सरपंच सतीश यादव सहित धर्मप्रेमी, श्रद्धालुजन मौजूद थे।



# आदिवासी समाज का वार्षिक महासभा 17 को





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज जिला कार्यकारिणी का बैठक ग्राम भेंण्डरी जामगांव में बुधवार को संपन्न हुआ। बैठक में पूरे जिले भर के सामाजिक पदाधिकारी, कार्यकारणी सदस्यगण उपस्थित थे। ज्ञात हो कि समाज का जिला स्तरीय वार्षिक महासभा 17 जून को फिंगेश्वर राज 84 अन्तर्गत सर्कल सरगोंड कार्यक्रम स्थल भेंण्डरी जामगांव में आयोजित है। जिसकी बृहद रूपरेखा तैयारी हेतु चर्चा परिचर्चा बुधवार की बैठक में किया गया। प्रांताध्यक्ष पन्ना ध्रुव की अगुवाई में स्थल चयन व सभी सामाजिक गतिविधियों पर समिति पर विचार विमर्श किया गया।इस संबंध में समाज के प्रांताध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, जिला अध्यक्ष पूरन सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे आदिवासी ध्रुव गोंड समाज वार्षिक महासभा का आयोजन ग्राम भेड्री फिंगेश्वर में रखा गया है। इस कार्यक्रम में पूरे गरियाबंद जिले भर के स्वजातीय परिवार सहित हजारों की संख्या में उपस्थिति रहेंगे। कार्यक्रम दो सोपान में संपन्न होगा, जिसमें प्रथम सोपान में कलश यात्रा, समाज के इष्टदेव देवाधिदेव बुढादेव पूजन। प्रांताध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव व जिला अध्यक्ष पूरनसिंह ठाकुर, जिला मीडिया ध्रुव समाज रामकृष्ण ध्रव ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वनमंत्री केदार कश्यप, अतिविशिष्ट अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम, जनक ध्रुव विधायक बिन्द्रानवागढ़ होंगें। इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रांताध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, जिला अध्यक्ष पूरनसिंह ठाकुर, जिला सचिव अशोक ध्रुव, कोसिंग ध्रुव, नोकेलाल ध्रुव, रामसिंह मरई बृजलाल ध्रुव, तीजराम ध्रुव, बिसौहाराम कुंजाम, कोमल नेताम, शिवराम ध्रुव, पुरानिक ध्रुव, यादराम ध्रुव, शिवदर्शन ध्रुव, रामसिंह ध्रुव, अंजोर सिंह मरकाम, भानु प्रताप ध्रुव, पवन कुमार ध्रुव, मुन्ना ध्रुव, लालसिंह मरई, अशोक मरकाम, हेमलाल ध्रुव, गंगा राम नेताम, कृष्णा कुमार ध्रुव, केदार प्रसाद ध्रुव, सियाराम ध्रुव, अंजोर ध्रुव सहित जिले पदाधिकारी, सदस्यगण उपस्थित थे ।

■ वनमंत्री केदार कश्यप होंगे शामिल

# जिला मानस संघ का पैरी परिक्रमा कार्यक्रम हुआ संपन्न



फिंगेश्वर। राजीव लोचन जिला मानस संघ गरियाबन्द के तत्वावधान में चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम के महंत गोवर्धन शरण महाराज के मार्गदर्शन में पैरी परिक्रमा यात्रा का प्रथम आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिला मानस संघ के महासचिव विरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि भारत में विभिन्न नदियों एवं तीर्थस्थलों में परिक्रमा का महत्व बतलाया गया है। इसी बात पर विचार करते हुए महंत गोवर्धन शरण महाराज ने गरियाबन्द-धमतरी की जीवनदायिनी माँ पैरी नदी परिक्रमा का प्रस्ताव जिला मानस संघ के समक्ष रखा जिसे मानस संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहर्ष स्वीकार किया। सभी के मंशानुरूप 12 जून को पैरी परिक्रमा की शुरुवात चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम से पैरी पूजन के साथ हुआ। 255 किमी लंबी इस यात्र में 100 से अधिक संत एवं श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा जिला के कचना धुरवा, मालगांव, कोचवाय, फुलकर्रा, सिकासेर, धवलपुर, भाठीगढ़, भूतेश्वर नाथ होते हुए धमतरी जिला में प्रवेश करते हुऐ मधुबन, लोमश ऋषि आश्रम, कुलेश्वर महादेव, राजिम, कोपरा होते हुए सिरकट्टी आश्रम में समाप्त हुआ। सभी पड़ाव में स्वागत, स्वल्पाहार एवं सत्संग का आयोजन किया गया। यात्रा में प्रमुख रूप से जिला मानस संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, कोषाध्यक्ष डोमार सिंह साहू, महामंत्री कुमान सिंग ध्रुव, महासचिव विरेन्द्र सिंह ठाकुर, सहसचिव आनंद राम साहू, फिंगेश्वर ब्लाक अध्यक्ष नंदकुमार यादव, गरियाबन्द ब्लाक अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, यशवंत भेड़िया, सालिक राम निषाद, संत अखिलेश्वरी शरण, संत ईश्वरी शरण, अधिकारी संत रामसेवक शरण, दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष जागेश्वर साहू, साहित्यकार बलराम यादव आदि शामिल थे।



## भाजपा नेता सोनकर ने की बृजमोहन से मुलाकात

**राजिम।** जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र सोनकर शुक्रवार की शाम प्रदेश के केबिनेट मंत्री नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेंट किया। इस अवसर पर नवापारा भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, अशोक गंगवाल, जनक कंसारी आदि मौजूद थे।



## महासभा अध्यक्ष ने राजेश मूणत से की मुलाकात

**नवापारा-राजिम।** कहार भोई समाज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवन अवसरिया ने रायपुर उत्तर विधायक राजेश मूणत को कहार भोई समाज की ओर से स्मृति चिन्ह एवं शाल से सम्मानित किया। इसके साथ ही समाज के प्रांतीय सामाजिक भवन महादेवघाट रायपुरा में भूमि की मांग के लिए ज्ञापन दिया।

# सभ्य समाज के विकास में टेलर का महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

प्रतिवर्ष 15 जून को टेलर्स दिवस मनाया जाता है, और सभ्य समाज के विकास में टेलरों के योगदान को कभी नहीं भुला जा सकता प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में टेलर की सबसे ज्यादा जरूरत है क्योंकि हर व्यक्ति सिलाई किये हुए कपड़े का उपयोग करते है, चाहे ब्राडेंड कपड़े हो या हम किसी दुकान से खरीदकर तैयार कराते है इसके लिए हमें टेलर दर्जी की आवश्यकता पड़ती है।

नगर में एक दर्जन से ज्यादा टेलर दुकान है इनमें से कई ऐसे टेलर है जो पिछले 40-45 वर्षो से अपनी सेवाएं टेलर के कार्य में दे रहे है, इनसे संवाददाता ने चर्चा किया और उनके जीवन स्तर के बारे में जाना कि अधिकांश टेलरों को टेलर दिवस के बारे में मालूम भी नहीं है मैनपुर क्षेत्र के टेलर अजीज अंसारी ने बताया कि वह पिछले 40 वर्षो से टेलर का कार्य कर रहे है, उन्होने बताया कि बकायदा इसके लिए उन्होने रायपुर जाकर प्रशिक्षण लिया था और जब टेलर का कार्य मैनपुर में प्रारंभ किया उस समय एक जोडी पेंट- शर्ट की सिलाई महज 35 रूपये लिया करते थे, लेकिन अब एक जोड़ा का 500 रूपये दर लिया जाता है। युवा टेलर के रूप में कार्य कर रहे बुधेश्वर साहू ने बताया कि उनके परिवार में उनके पिता और उनके भाई भी टेलर का कार्य करते है उन्होने बताया कि लगातार यहीं कार्य करने से सबसे ज्यादा परेशानी आंख और पैर में होती है साथ ही उन्होने कहा कि टेलरों को मुख्य धारा से जोडने के लिए अब तक कोई भी सरकार द्वारा कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाया गया है जबकि समाज में हर व्यक्ति के जिदंगी में टेलर की महत्वपूर्ण भूमिका है।महेश पटेल, शंकर पटेल, किशन देवांगन, हरिनाथ, मुकेश सोनकर ने बताया कि बड़े शहरों में अब टेलर आधुनिक मशीनों से सिलाई करते है जिससे उनके पास समय के साथ कार्य करने के लिए बहुत सारे कारीगर होते है।



### सरकार को टेलरों के लिए योजना संचालित करने की जरूरत

स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों टेलरों ने कहा कि सरकार को चाहिए कि 40 वर्ष के उम्र के बाद टेलरों के लिए पेंशन योजना चालू किया जाना चाहिए साथ ही सरकार द्वारा टेलर कार्य करने वाले लोगों की सर्वे कराकर इन्हे टेलर संबधित सामग्री मशीन और अत्याधुनिक मशीन ग्रामीण क्षेत्र के टेलरों को उपलब्ध कराने की जरूरत है, क्योंकि आज सरकार सभी वर्गो के विकास के लिए कुछ न कुछ महत्वपूर्ण योजना संचालित कर रही है ऐसे में समाज में महत्वपूर्ण योगदान रखने वाले टेलरों के जीवन स्तर को उंचा उठाने के लिए ठोस कार्य योजना बनाने की जरूरत है।

# भाजपा पार्षद दल 18 को महापौर कक्ष के सामने नगाड़ा बजाकर करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा पार्षद दल मंगलवार को नगर निगम के महापौर के सामने दोपहर 12 बजे नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन करेगा। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षद जल संकट की समस्या, अमृत मिशन योजना के क्रियान्वयन में लेटलतीफी, ट्रेजर आईलैंड पर 17 करोड़ की बकाया राशि को 2.50 करोड़ करने पर सवाल उठायेगा। इसके साथ ही बारिश में जलभराव से निपटने निगम की तैयारी की जानकारी लेगा।

गांधी सदन में गुरुवार को भाजपा पार्षद दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के कक्ष में आयोजित की गई। भाजपा पार्षदों ने शहर में जल संकट से लोगों को हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा कि निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी कई वार्डो में पेयजल की समस्या बनी रहना गंभीर विषय है। भाजपा पार्षदों ने महापौर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाये।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे बैठक में कहा पेयजल के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। अमृत मिशन योजना में करोड़ों खर्च कर काम करवाये गये पर इसका समुचित लाभ शहर की आम जनता को नहीं मिल पाया।

नगर निगम सीमा क्षेत्र में निर्मित पानी टंकी से किस वार्ड में कितना पानी जाना है, इसका सही आकलन आज तक नगर निगम के अधिकारी नहीं कर पाये। ऐसे दोषी अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

### ट्रेजर आईलैंड से निगम को 15 करोड़ के नुकसान पर सवाल

एक तरफ शहरी सरकार की परिषद ट्रेजर आईलैंड से निगम को 15 करोड़ का नुकसान के मामले को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार से मिलने की तैयारी में है। वहीं भाजपा पार्षद दल इस मामले में महापौर की चुप्पी पर सवाल उठाने और उनका ध्यान आकर्षित कराने नगाड़ा बजाकर विरोध करेगा। अभी तक इस विषय में कार्रवाई क्यों नहीं की गई, इसका जवाब भी 18 जून को मांगा जायेगा। नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में आयोजित बैठक में उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, सरिता वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, नारद कौशल, चंद्रपाल धनगर, कामिनी देवांगन, सरिता दुबे, सुशीला धीवर, सीमा-मुकेश कंदोई, विश्वदिनी पांडे, कमलेश वर्मा, सावित्री-जयमोहन साहू, टेसू नंद किशोर साहू, गोपेश साहू, तिलक पटेल, सुमन राम प्रजापति, रोहित साहू, रवि ध्रुव उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### जागेश्वर 15 सौ मीटर दौड़ में द्वितीय

**मुड़ागांव(कोरासी)।** भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या उत्तर प्रदेश में प्रथम अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता डॉक्टर अंबेडकर स्टेडियम में 5 से 7 जून को संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें भारत के छत्तीसगढ़ टीम गरियाबंद के ग्राम खड़मा छुरा के जागेश्वर राम ध्रुव शिक्षक 50 वर्ष आयु वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में दूसरा, 5000 मीटर दौड़ में दूसरा, और 5 किलोमीटर पैदल चाल में दूसरा स्थान प्राप्त कर तीन सिल्वर मेडल रजत पदक प्राप्त किया। इस सफलता के लिए प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल पक्तियां के समस्त शिक्षक, ग्राम विकास समिति खड़मा, खड़ादेव कर्मचारी संघ, पतंजलि योग समिति छुरा ब्लॉक व जिला मानस संघ गरियाबंद, जिला कबड्डी संघ गरियाबंद, पीटीआई संघ गरियाबंद, समाजसेवी शीतल ध्रुव, रुपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर, आदिवासी नेता नीलकंठ ठाकुर, उदेराम साहू, टंकेश्वर मरकाम, गिरवर लाल ध्रुव, रोहित जगत, तानसिंग ध्रुव, तेजराम ध्रुव सबने ने उज्वल भविष्य की कामना की।



**विड़बना : निर्माण एजेंसी मनमाने तरीके से कर रही कार्य, मॉनीटिरिंग करने वाला कोई नहीं**

# नया शिक्षा सत्र पांच दिन बाद होगा प्रारंभ छात्रावास में मरम्मत व निर्माण कार्य अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर


जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में स्कूल, आश्रम व छात्रावास में भवन निर्माण और मरम्मत के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रूपये की बजट जारी किया गया है, नया शिक्षा सत्र 5 दिन बाद 18 जून से प्रारंभ हो जायेगा लेकिन संबधित निर्माण एजेंसियों के धीमी गति और कुछआ की चाल से चल रहे निर्माण कार्य के कारण अब तक अधिकांश कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। ऐसे में विद्यालय संचालन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा साथ ही सरकार द्वारा आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के बावजूद लाखों करोडों रूपये फूंकने के बाद भी बच्चों को सुविधाओं की दरकार होगी और ऐसे में कक्षाओं के संचालन के साथ निर्माण कार्य भी चलने से पढ़ाई प्रभावित होने का अंदेशा है तो वहीं विभिन्न निर्माण एजेंसी और संबधित ठेकेदार सरकार के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए मनमर्जी कार्य को अंजाम दे रहे हैं। संबधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर क्यों ध्यान नहीं दे रहे है, यह समझ से परे है। जिसके कारण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में भारी नराजगी देखने को मिल रही है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा में संचालित हो रहे कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय मैनपुर में दूसरे मंजील समग्र शिक्षा विभाग के द्वारा लाखों रूपये की भारी भरकर राशि खर्च कर निर्माण कार्य काफी लंबे समय से किया जा रहा है लेकिन अब तक निर्माण कार्य अधूरा है और तो और संबधित विभाग के ठेकेदार द्वारा शासन के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री उपयोग करने की शिकायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जा रहा है, साथ ही भवन निर्माण कार्य में पानी की तराई भी नहीं किया जा रहा है जिससे यह भवन निर्माण के बाद भवन मजबूत नहीं रहेगा जबकि भवन निर्माण के साथ सीमेंट से ईट की जुडाई और प्लास्टर के बाद इसमें लगातार पानी की तराई करना जरूरी है लेकिन यह चल रहे निर्माण कार्य में एक दिन भी पानी की तराई ठीक ढंग से नही किया जा रहा है।





### निर्माण एजेंसी कौन है फाइल देखकर बता पाऊंगा

सर्व शिक्षा अभियान जिला मिशन समन्वयंक गरियाबंद एसके नायक ने चर्चा में बताया कि कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अतिरिक्त कमरा का निर्माण किया जा रहा है कितने की लागत से किया जा रहा है इसकी मुझे जानकारी नहीं है, कौन निर्माण एजेंसी है यह फाईल देखकर ही बता पाऊंगा। उन्होने कहा कि निर्माण स्थल पर निर्माण एजेंसी को सूचना पटल लगाना



### निर्माण स्थल पर नहीं लगा है सूचना बोर्ड

सरकार के आदेशों का निर्माण एजेंसी द्वारा खुलेआम धज्जिया उडाई जा रही है जबकि सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि जहां भी कोई भी निर्माण कार्य किया जाये निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से संबधित जानकारी सूचना पटल में अंकित करना अनिवार्य है, जिसमें निर्माण कार्य कब प्रारंभ हुआ और कब तक पूर्ण किया जाना है इसकी लागत क्या है कौन सा विभाग द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है और निर्माण एजेंसी कौन है यह सामान्य जानकारी लिखना चाहिए लेकिन यह निर्माण एजेंसी द्वारा कोई भी प्रकार के सूचना पटल नहीं लगाया गया है।

### सुपेबेड़ा को मिली संजीवनी एक्सप्रेस की सौगात

**गरियाबंद।** जिले के किडनी रोग से प्रभावित सुपेबेड़ा गांव में पृथक से एक एम्बुलेंस प्रदाय कर किडनी मरीजों के लिये बहुत बड़े राहत का कार्य किया है। सुपेबेड़ा के किडनी मरीजों को सप्ताह में या माह में नियमित रुप से डायलिसिस करवाने हेतु स्वयं के खर्च से वाहन व्यवस्था कर या बस से लम्बी दूरी की यात्रा तय कर जिला अस्पताल गरियाबंद तक आना-जाना पड़ता था, जिससे उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक, मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। शासन द्वारा सुपेबेड़ा को 1 एम्बुलेंस की सौगात मिल गई है। सुपेबेड़ा में ही 108 एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध हो जाने से किडनी के मरीजों को डायलिसिस करवाने या अन्य किसी आपातकालीन चिकित्सा सहायता हेतु त्वरित रूप से देवभोग या जिला चिकित्सालय गरियाबंद निःशुल्क परिवहन की सुविधा प्राप्त होगी। और समय पर उनका उपचार हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एमडी डॉ जगदीश सोनकर के साथ कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित सीएमएचओ डॉक्टर गार्गी यदु पाल और डॉक्टरों की विशेष टीम ने सुपेबेड़ा का दौरा किया था। वहां के मरीजों के समस्याओं से रूबरु होने के बाद शासन-प्रशासन को अवगत कराकर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया था, जिसका परिणाम है कि 108 एम्बुलेंस सुविधा मरीजों हेतु उपलब्ध कराई गई। डायल 108 एम्बुलेंस आपातकालीन परिस्थितियों में 108 नम्बर डायल करते ही कुछ ही मिनटों में जरूरतमंद को आवश्यक चिकित्सा सहायता के साथ निकट के अस्पताल तक पहुंचाने के लिए मरीज तक पहुंच जाती है। एम्बुलेंस सेवायें जरूरतमंद लोगों को आपातकालीन चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और छात्रावासों के जांच के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**गरियाबंद।** जिले में प्रशासनिक सुविधाओं एवं शासकीय संस्थानों की कार्यवाहियों पर मॉनिटरिंग करने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विभिन्न शासकीय संस्थानों के निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। नियुक्त 148 नोडल अधिकारी माह के दूसरे शनिवार को जिले के स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, आंगनबाड़ी, पीडीएस दुकान, हाट-बाजार, छात्रावास एवं जल जीवन मिशन के तहत कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके लिए नोडल अधिकारियों के संस्थावार निरीक्षण आदेश जारी कर दिये गये हैं। सभी नोडल अधिकारी अपने आबंटित संस्थाओं में जाकर वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी निर्धारित प्रारूप में संकलित करेंगे। साथ ही लोगों की सुविधाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का भी जायजा लेकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को गंभीरता एवं सक्रियता से शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर निर्धारित प्रारूप में जानकारी देने के निर्देश दिये है। इसके अलावा गांव भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं से भी अवगत होने एवं निराकरण के संबंध में संबंधित विभाग से समन्वय भी करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मैदानी अमलो को उपस्थित होने एवं समन्वय करने के भी निर्देश दिये है।

## युवती के शव को कब्र से खोदकर बाड़ी में गाड़ा, पुलिस से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



**युवती की दो माह पूर्व हुई थी मौत**

ग्राम पसौद में क्रब से निकालकर युवती को घर के पीछे बाड़ी के खुले आंगन में दफन करने का आरोप ग्राम के 3 युवकों पर युवती के भाई ने लगाते हुए संदेह व्यक्त करते हुए पुलिस से मामले की जांच की मांग की है।

ग्राम पसौद में 26 वर्षीय युवती रोशनी साहू की मौत 13 अप्रैल 2024 को हो गया था। मौत के बाद सामाजिक रीति रिवाज से मृतिका को अंतिम संस्कार के रूप मे दफनाया दिया गया था। 15 दिन पूर्व ग्राम के ही तीन युवक कोमल साहू उर्फ लाला साहू, कंगलू ध्रुव एवं गैंदराम कमार ने शव को कब्र से खोदकर उसे निकालकर युवती के ही खुले बाड़ी मे दफन कर दिये। इस बाद की जानकारी होने पर भाई चित्रसेन ने गांव वालों एवं रिश्तेदारों के साथ फिंगेश्वर पुलिस थाना पहुंचकर इस बात की शिकायत की है। इधर इस मामले की जानकारी होने पर ग्राम कोतवाल शीतल कुमार ने आरोपित युवकों को फिंगेश्वर थाना लाया जिसमें युवकों ने शव को लाने की बात से इंकार कर केवल शव का एक हाथ लाने की बात को स्वीकार किया है। उसने बताया कि कब्र से मृत युवती का केवल एक हाथ को रापा से काटकर उसके साथियों ने लाया है। इस बात को मैने मृतिका के भाई चित्रसेन को बताया जिसके चलते फिंगेश्वर पुलिस मे मामले की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। इधर इस मामले को लेकर जांच कर रहे एएसआई चिंताराम देशमुख ने बताया कि संदेह के आधाार पर मृतिका के भाई के द्वारा आवेदन दिया गया है। इस मामले की जांच एवं बयान को लेकर तहसीलदार को प्रतिवेदन दिया गया है जैसे ही उनका आदेश होता है गांव पहुंचकर उनके समक्ष चिन्हांकित स्थान की खुदाई की जावेगी उसके बाद जो आवश्यक होगा कार्यवाही की जावेगी। शुक्रवार को फिंगेश्वर थाने में भाई चित्रसेन साहू के साथ ग्राम के उपसरपंच जीवन पटेल, पंच काशीराम निषाद, कोतवाल शीतल मानिकपुरी आदि पहुंचे थे।




प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### प्रवेश उत्सव की तैयारी के लिए प्राचार्य ने ली बैठक

**मैनपुर।** शिक्षा सत्र 2024– 25 का प्रवेश उत्सव 18 जून से प्रारंभ हो रही है, इसकी तैयारी के लिए प्राचार्य गोविंद पटेल ने अपने अधीनस्थ विद्यालयों की पालकों एवं शिक्षकों का बैठक आयोजित कर रूपरेखा तैयार किया गया। इस संबंध में शुक्रवार को माध्यमिक शाला देहारगुड़ा के प्रांगण में प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के सम्माननीय अध्यक्ष, सदस्य एवं बालकों को बुलाकर सभी शिक्षकों की उपस्थिति में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षा सत्र 2024-25 में विभिन्न गतिविधि एवं शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी हेतु चर्चा की गई। शिक्षा सत्र के प्रारंभ में ही बच्चों की गुणवत्ता युक्त शिक्षा हेतु बल दिया गया। समय में सभी शिक्षक उपस्थित हो एवं लगातार अध्यापन का कार्य हो इस पर जोर दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्राचार्य गोविंद पटेल, प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल, ओमप्रकाश वैष्णव, कांतिलाल साहू, रघुवर शाय, विश्राम वर्मा, तारा साहू, सुरैया टण्डवीर ग्राम के प्रमुख देवन नेताम, लीलाधर, संजय ,जुगलाल, महेश, लोकेश साण्डे के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### मत्स्याखेट पर लगा 15 अगस्त तक प्रतिबंध



**गरियाबंद।** मछलीपालन विभाग द्वारा 16 जून से 15 अगस्त को बंद ऋतु घोषित कर मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। यह अवधि मछलियों का प्रजनन काल होता है। इस दौरान मछलियों के प्रजनन से उनकी संख्या में बढ़ोतरी होती है। सहायक संचालक मछलीपालन विभाग ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन सिंचाई के तालाब, जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किये गये है, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

### कमांडेंट ने किया मासिक पत्रिका का विमोचन

**अभनपुर।** 211 वाहिनी रिजर्व पुलिस बल थनौद कैंप परिसर में पलामू झारखंड से प्रकाशित होने वाले साहित्य, कला एवं संस्कृति की मासिक पत्रिका अरण्य वाणी का विमोचन कमान्डेंट संजीव रंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कमान्डेंट संजीव रंजन ने कहा कि सीआरपीएफ कैम्पस में पत्रिका का विमोचन करना एक सुखद एहसास है, अरण्य वाणी पत्रिका समाज का आईना है और इस आईने को चमकदार बनाने में संपादक ने पूरा प्रयास किया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के रिक्त पदों पर करें भर्ती : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और महिला सेक्टर सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिलाओं किशोरी बालिकाओं और बच्चे के विकास के लिए महिला बाल विकास विभाग का दायित्व जवाबदेही पूर्वक निर्वहन करना होता है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने पोषण निवेश अभियान के तहत सभी नवविवाहित महिलाओं, गर्भवती और शिशुवती माताओं को पांच-पांच फलदार पौधे अपने - अपने घर के बाड़ियों में रोपण के लिए प्रेरित करने को कहा। जिससे कि आने वाली पीढ़ियों के बच्चों को उनके शरीरिक स्वास्थ्य के लिए उन्हें फल मिल सके। उन्होंने कहा कि लगाये गये पौधों को विशेष रूप से ध्यान रखते हुए बड़ा करें। उन्होंने जिले के सभी ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर जल्दी फल लगने वाले पौधे लगाने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती प्रक्रिया की परियोजना वार जानकारी ली और भर्ती प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ली समीक्षा बैठक

### बाल विवाह रोकने लोगों को जागरूक करें

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन तहत ऑगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वॉटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना की समीक्षा कर प्राप्त राशि के उपयोग सुनिश्चित करने एवं योजना से लाभान्वित करने एवं इस योजना से संबंधित जानकारी गांवों में देने को कहा। उन्होंने भी सेक्टर सुपरवाइजर को क्षेत्र में सतत भ्रमण कर अपने कार्यो को जिम्मेदारी पूर्वक करने को कहा। उन्होंने जिले में बाल विवाह रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाईजर व पर्यवेक्षक को सम्मानित किया गया।





### महिलाओं के स्वास्थ्य पर योजना बनाकर करें कार्य

कलेक्टर ने कहा कि सभी पर्यवेक्षक, एएनएम, मितानिन, बीएमओ और परियोजना अधिकारी बैठक कर गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं एवं एनीमिक महिलाओं के स्वास्थ्य पर योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, मिशन वात्सल्य योजना, बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओं, सुकन्या समृद्धि योजना, पोषण पुनर्वास केन्द्र, नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं कन्या विवाह योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं व हितग्राहियों को देना सुनिश्चित करें।


## विड़बना : अधूरा पुल को पूरा कराने में जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे हैं दिलचस्पी

# 18 माह में नहीं बना घुनघुट्टी नाले पर पुल, बरसात में फिर फसेंगी गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग के अंतर्गत मडेली जरगांव मार्ग पर घुनघुट्टी नाला पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है एवं कार्य प्रारंभ किया गया है। कार्य पूर्ण करने की तिथि दिसंबर 2022 रहा है। लगभग पूर्णता तिथि के 18 महीने बीत जाने के बाद भी आज भी पूरा अधूरा है और ठेकेदार, अधिकारी के तकनीकी सहायक की अनुपस्थिति में पुल के ढ़लाई सहित अन्य कार्य चल रहे हैं। जिसे देखने वाला कोई नहीं है और इस बरसात में इस नाले पर भी आने- जाने वालों की गाड़ियां फंसेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विलंब के लिए ठेकेदार को जुर्माना किया जाएगा या फिर कार्य में देरी होने की वजह से लागत बढ़कर उन्हें एक्सटेंशन देकर लाभान्वित किया जाएगा और इसका परिणाम लगातार क्षेत्र की जनता भुगत रही हैं, पुल की स्वीकृति पर लगभग सभी लोगों ने आकर निर्माण कार्य शुभारंभ पर अपने फोटो खींची और श्रेय लेने का प्रयास किया किंतु पुल-अधूरा होने पर कोई भी आकर पूर्ण प्रारंभ करने पर अपने दिलचस्पी नहीं दिख रहे हैं और ग्रामीण इंतजार में है कि कब पुल बने और लोगों को आने-जाने में सुविधा हो। पुल का निर्माण कार्य अभी लगभग अधूरा है जो आने वाले वक्त तक पूर्ण होने की संभावना है, अभी तो सिर्फ तक की कालम का कार्य हुआ है इसलिए पूर्णता के लिए अभी लगभग कम से कम 6 माह की आवश्यकता है यहां पर पेटी ठेका दार द्वारा स्थानीय लोगों के साथ कार्य किया जाता है इसके गुणवत्ता पर भी कई बार प्रश्न चिन्ह लगा है और तकनीकी जानकारों की अनुपस्थिति भी लोगों में चर्चा का विषय रहा है। पुल का ठेका 288 लाख में हुआ है, जिसकी लंबाई 90 मीटर, कुल पीयर 9 नग, स्लैब 10 नग, अबरमेंट 2 नग, पहुंच मार्ग मडेली की ओर 135 मीटर जरगांव की ओर 105 मीटर और पुल के चौड़ाई 8.4 मीटर निर्माण किया जाना है।








### पूर्ण होने में समय लगेगा

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग रायपुर के अनुविभागीय अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि पुल स्लैब का अधूरा ढ़लाई हुआ है पूर्ण होने में अभी समय लगेगा। उनसे पूछा गया की कार्य की मॉनिटरिंग कब-कब करते हैं तो उन्होंने कहा कि अभी व्यस्त हूं, बाद में बात करेंगे।

-अनुविभागीय अधिकारी, संतोष कुमार

# पीएम जनमन के तहत सड़क निर्माण कार्य बंद

## अधिकारी ने कहा- जल्द प्रारंभ होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत विशेष जनजाति समुदाय के लोगों तक पहुंच मार्ग बनाने के लिए विशेष अभियान के तहत सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है जिसका कार्य प्रारंभ होने के 10 दिन पश्चात यह बंद हो गया है और अभी सिर्फ जहां तक सड़क निर्माण किया जाना है वहां तक मुरुम मिट्टी डाला गया है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक हफ्ते से काम बंद है। न ही ठेकेदार के कोई मशीनरी फील्ड में उपलब्ध है और ना ही विभाग के कोई अधिकारी- कर्मचारी की उपस्थिति रही। कार्य का प्रारंभ 4 मार्च और पूर्णता की तिथि अप्रैल 25 तक के समय दिया गया है, कार्य प्रारंभ एवं कार्य पूरा करने के लिए पर्याप्त समय है फिर भी कार्य के पश्चात पानी डालकर मिट्टी पकाने के लिए समय की आवश्यकता है। रवेली जरगांव खपरा पारा मार्ग 1.10 किलोमीटर जिसकी लागत 49.75 लाख रुपया है यहां पर विशेष जनजाति की जनसंख्या 134 है, इसी तरह कमारटोला 1.20 किलोमीटर जिसकी लागत 60.64 लाख रुपए है इनका भी कार्य प्रारंभ 4 मार्च और पूर्णता की तिथि अप्रैल 25 है कार्य प्रारंभ करने के प्रथम दृष्टि में मुख्य मार्ग से मोहल्ले तक मुरुममिट्टी बिछाया गया है।



■ सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ होने के 10 दिन बाद

### कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा गया है

इस संबंध में प्रधानमंत्री सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता सोनी ने बताया कि यहां 3 पैकेज में कार्य हो रहा है, पहले पैकेज में जरगांव, रवेली का सड़क एवं 500 मीटर सीसी रोड का कार्य किया जाना है। ठेकेदार द्वारा संसाधन विहीन होने की वजह से कार्य प्रारंभ करने के पश्चात रोक दिया गया है। उसे शीघ्र ही संसाधन सहित उपस्थित होकर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है।

**कार्यपालन अभियंता, सोनी**

# अच्छी बारिश के लिए मां छिंदलाइन से की कामना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध छिंदलाईन माता का जात्रा शुक्रवार को मां छिंदलाईन के दरबार में संपन्न हुआ। यह प्रसिद्ध छिंदलाईन जात्रा ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष में प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। जहां क्षेत्र की सुख- शांति के लिए क्षेत्रीय लोग बढ़चढ़ कर इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालू भक्त सच्चे मन से अपनी मनोकामना लेकर आते हैं जिनकी सारी मनोकामना छिंदलाईन देवी अवश्य ही पूरी करती है। जारा के दौरान क्षेत्र भर से पहुंचे सैकड़ों लोगों द्वारा माता के दरबार में विशेष पूजा अर्चना किया गया है अच्छी बारिश और अच्छी फसल की उम्मीद के साथ पूजा अर्चना की गई ग्राम के झांकर पूजारी व पटेल ने बताया कि यह प्रसिद्ध छिंदलाईन जात्रा की शुरूआत राजवाड़े काल से ही की गई है। पहली बारिश की शुरूआत माता के जात्रा के बाद होती है। इस मौके पर प्रमुख रूप से हेमसिंह नेगी, आशाराम यादव, प्रेमसाय जगत, छबी दिवान, मुख्तयाज दिवान, गंगाराम जगत, खेदु नेगी, जन्मजय नेताम, थानूराम पटेल, नाथुराम ध्रुर्वा, नकछेडा राम, चैनसिंह नेताम, पवन दिवान, सियाराम ठाकुर, देवन नेताम, घनश्याम नागेश, खेलन दीवान, भुवन नेताम, हेमंत, रत्नुराम, यमराज, रोहन मरकाम, महेन्द्र नेताम, तुलसीराम, रोशन राठौर, साकेत पटेल सहित 52 ग्रामों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु क्षेत्रभर से उपस्थित थे।

# पुत्र को एक माह के भीतर मिली अनुकंपा नियुक्ति

**गरियाबंद।** जिला प्रशासन की विशेष पहल से दिवंगत ग्राम पंचायत सचिव के पुत्र को एक माह के भीतर ही अनुकंपा नियुक्ति मिल गई है। जिला प्रशासन द्वारा पंचायत सचिव अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण का त्वरित निराकरण किया गया। इसके फलस्वरूप ग्राम पंचायत सचिव कंवल सिंह यादव के आकस्मिक निधन के फलस्वरूप उनके पुत्र को एक माह के भीतर ही त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत सचिव के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किया गया है। कंवल सिंह यादव, जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे, जिनका 22 अप्रैल 2024 को आकस्मिक निधन होने के कारण उनके परिवार के आश्रित सदस्यों से अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन दिया गया था। 15 मई 2024 को उनके पुत्र श्री चुरेन्द्र सिंह यादव द्वारा कार्यालय जनपद पंचायत गरियाबंद में आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे पदमिनी हरदेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत द्वारा अनुकंपा नियुक्ति की कार्यवाही हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



# शिविर में बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

वार्ड 15 में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाकर 75 लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाया। इस अवसर पर डॉ गोपाल साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू, एवं वार्ड 14 -15 के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कौशल्या साहू, मोहनी साहू, मीरा साहू, कुसुम व्यास व मितानिन धान बाई साहू, प्रभा साहू ,ज्योति पटेल मौजूद रहे। ज्ञात हो कि आयुष्मान भारत योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत हितग्राही अस्पतालों में इलाज निःशुल्क करवा सकते हैं जिसका खर्च शासन वहन करता है। इस योजना से लाभान्वित हजारों लोग हुए है हर व्यक्ति के नाम से आयुष्मान कार्ड बने इसके लिए गांव-गांव में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में हितग्राही इस योजना का लाभ ले भी रहे हैं। कार्ड बनवाने में कई प्रकार की दिक्कतें आ रही है जैसे मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं होना, आधार का राशन कार्ड से लिंक नहीं होना या कई लोगों के पास मोबाइल की समस्या है।



### छात्र सुरक्षा बीमा योजना के तहत 6.21 लाख स्वीकृत

**गरियाबंद।** शासन द्वारा संचालित छात्र सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की विभिन्न कारणों से मृत्यु एवं दुर्घटना में घायल होने पर सहायता राशि देने का प्रावधान है। इसी के तहत जिले के 7 विद्यार्थियों के परिजनों को कुल 6 लाख 21 हजार 99 रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें 6 दिवंगत विद्यार्थियों के लिए 1-1 लाख रूपये एवं 1 घायल विद्यार्थी के लिए 21 हजार 99 रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ने बताया कि 6 दिवंगत विद्यार्थियों में हायर सेकेण्डरी स्कूल पाण्डुका की छात्रा स्व. योगिता साहू, प्राथमिक शाला भेण्ड्री के छात्र स्व. टूमेश, मीडिल स्कूल कोसमबुड़ा की छात्रा स्व. सीमा, मीडिल स्कूल मोहदा की छात्रा स्व हंसनी जगत, हायर सेकेण्डरी स्कूल गरियाबंद के छात्र स्व. तुषार कुमार, प्राथमिक शाला नहरगांव के छात्र स्व. मोक्ष कुमार ठाकुर शामिल है। इसी प्रकार दुर्घटना में घायल विद्यार्थी में शासकीय मिडिल स्कूल मालगांव की छात्रा कुमारी सुधा निषाद शामिल है। योजना अंतर्गत उपरोक्त छात्र-छात्राओं के परिजनों को सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### रक्तदान की प्रेरणा देने चलाया अभियान

**अभनपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा मे 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को रक्तदान करने की अपील की गई। अस्पताल के कर्मचारियो द्वारा बैनर,पोस्टर के माध्यम से रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे मे बताया गया। इस दौरान आरएमए डीएस नेताम ने रक्तदाताओ को समाज एवं मानवता के अनमोल सेवक की परिभाषा देते बताया कि 14 जून को विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित पूरी दुनिया रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाती है रक्त देने में किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि 24 घंटे से 72 घंटे के अंदर रक्त पुनः बन जाता है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## अब तक जिले में नहीं पहुंचा मानसून

# मानसून का इंतजार, गर्मी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

मानसून की बारिश को लेकर छत्तीसगढ़ मौसम विभाग का अलर्ट लगातार फेल साबित हो रहा है। बीते दो-तीन दिनों से लगातार मौसम विभाग द्वारा गरियाबंद जिले और अंचल में बारिश और बूंदाबांदी को संभावना जताई जा रही है। लेकिन अब तक गरियाबंद में बिल्कुल भी बारिश नहीं हुई है। विशेष कर 12 और 13 जून को अलर्ट भी घोषित था। बावजूद इसके जिले में बारिश नहीं हुई। उलट जिले के लोग गर्मी से परेशान रहें। उल्लेखनीय है जून के दूसरे हफ्ते की शुरवात से ही छत्तीसगढ़ के अनेक क्षेत्रों में मानसून ने दस्तक दे दी है। प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र बस्तर, सुकमा, बीजापुर सहित अन्य जिलों में बारिश हो रही है। लेकिन अब तक मानसून गरियाबंद जिले तक नहीं पहुंचा है। हालाकि बस्तर से आगे चलकर अगले एक दो दिन में मानसून के मध्य क्षेत्र में पहुंचने की संभावना है। फिलहाल गरियाबंद जिले में भी अभी भी दिन में गर्म हवाएं चल रही है। पारा भी दिन में 40 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। जिसके चलते लोग गर्मी से परेशान हैं। तापमान ज्यादा होने के चलते सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच लोग घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गर्मी के कारण लोगो का हाल बेहाल है।



**मौसम बदलता है लेकिन बारिश नहीं हो रही** – पिछले दो दिनों से रोजाला शाम 6 बजते ही मौसम शुष्क होने लगता है और तेज हवाई चलने लगती है। मौसम को देखकर लोग अनुमान लगाते हैं कि आप बारिश होगी। कुछ देर हवा चलने के बाद मौसम फिर शांत हो जाता है। अब तक हवा चलने के बाद बारिश या कही भी बूंदा बांदी नहीं हुई है। लोग मौसम में परिवर्तन देखकर गर्मी से राहत पाने आसमान की और तकङ्गतकी लगाकर देखते रह जाते है और मौसम फिर सामान्य हो जाता है। हालाकि शाम के बाद तापमान कम होने से लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिल रही है। लेकिन लोगों का कहना है कि जून के दूसरा हफ्ता बीतने वाला है, अब बारिश होनी चाहिए। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़, ओडिशा के आसपास एंटी साइक्लोन बनने और पश्चिमी हवाओं के ज्यादा प्रभावशाली होने के कारण बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएं आगे नहीं बढ़ सकी।

### अतिरिक्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को सौंपा गया नवीन प्रभार

**महासमुंद।** प्रशासकीय दृष्टिकोण से शासकीय कार्यों के सुचारू संपादन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को आगामी आदेशपर्यंत तक प्रभार व दायित्व सौंपा गया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371